हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 जून 2026

06 एनएच-44 पर रेलिंग निर्माण का विरोध...



07 युवा देश का भविष्य इसलिए हर नेतृत्व को तैयार रहें ...





## खबर संक्षेप

### योग दिवस की पूर्व संध्या पर गवेषणा संवाद-27 का आयोजन

**सागर।** वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानव गरिमा एवं पर्यावरणीय नागरिकता के लिए समर्पित संस्था गवेषणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गवेषणा संवाद-27 का आयोजन 20 जून शनिवार को सायं 5:30 बजे से 7:00 बजे तक जिज्ञासा वाचनालय, तिली चौराहा, तिली वार्ड, सागर में किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय भगवद्गीता में योग : आत्म-प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास का वैज्ञानिक मार्गर रखा गया है। इस अवसर पर प्रख्यात जीवनशैली प्रशिक्षक एवं सिद्धत्व फाउंडेशन, सागर की अध्यक्ष डॉ. श्वेता मोहनी मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की विशेष समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी योगिक क्रियाओं का प्रदर्शन, अभ्यास एवं प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। आयोजकों ने नगर के नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा योग में रुचि रखने वाले सभी व्यक्तियों से कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह किया है।

### अनुगूंज शिविर में दिव्यांगों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**सागर।** श्रवण एवं वाक बाधित दिव्यांगजनों को उनके अधिकार, सरकारी योजनाएँ, न्याय तक आसान पहुँच की जानकारी देने के लिये जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर. भवन में राज्यव्यापी ''अनुगूँज'' विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित हुआ शिविर में 90 दिव्यांगजन और उनके परिजन शामिल हुये। शिविर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया शिविर का शुभांरभ ऑनलाईन माध्यम से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति द्वारा किया गया उक्त आयोजन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम.के. शर्मा की उपिस्थति में हुआ आयोजित शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंकित श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायाधीशगण सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित मूक बधिक विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे। उक्त शिविर 05 विषयगत सत्रों में आयोजित हुआ पहले सत्र में मध्यस्थता से विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की जानकारी दी गई।

### आंगनबाड़ी केंद्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया लाड़ली बहना खेल महोत्सव

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 जून से 21 जून तक जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में लाडली बहना खेल महोत्सव अंतर्गत उत्साहपूर्वक खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ऐसा आयोजन का केंद्र बिंदु लाडली बहनें कहती हैं कि वे इस नवाचार और खेल सप्ताह से पुनः अपना बचपन जी पा रहीं हैं। यह आयोजन उन्हें अपने बचपन के दिन स्मरण करा रहे हैं। लाडली बहना खेल सप्ताह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सागर के शहरी परियोजना क्रमांक-1 अंतर्गत तिलकगंज वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-70 में लाड़ली बहना खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की लाड़ली बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान नारी श्रंखला, म्यूजिकल चेयर, बैलून चेन, खो-खो, डॉन्ट ड्रॉप-द-बॉल, डॉन्ट ड्रॉप-द-बलून, तुम बोलो और मैं चित्र बनाऊं, रस्सी कूद तथा योग गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती सारिका प्रजापति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजना काछी सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।

## लापरवाही पर पीडब्ल्यूडी-एनएच के ईई को कारण बताओ नोटिस जारी

# कलेक्टर प्रतिभा पाल ने की सड़क, ब्रिज निर्माण एजेंसियों की अहम समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न सड़क निर्माण एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग, एमपीआर डीसी और एनएचएआई द्वारा जिले में चलाई जा रही सड़क एवं सेतु निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडब्ल्यूडी - एन एच के कार्यपालन यंत्री को 'कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के आगामी लक्ष्यों को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से मकरोनिया चौराहा से सिविल लाइन चौराहा तक सिटी लिंक मार्ग पर 'व्हाइट टॉपिंग' कार्य और ओल्ड नेशनल हाईवे और ओल्ड बाईपास पर चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। अन्य महत्वपूर्ण मार्गों के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की गई।इसी प्रकार जिले में कुल 12 रेलवे ओवर ब्रिज और 35 पुलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इनमें खुरई-खिमलासा मार्ग, खुरई-रजवांस मार्ग और बीना-खिमलासा मार्ग पर बन रहे आरओबी शामिल हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कुछ प्रोजेक्ट्स जो भू-अर्जन, रेलवे की अनुमति और डिफेंस लैंड (रक्षा विभाग की भूमि) से जुड़े मुद्दों के कारण विलंबित चल रहे हैं, उन्हें नियमानुसार आपसी समन्वय से तत्काल दूर कर काम गति में लाया जाए। कलेक्टर पाल ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मार्गों पर जहाँ भी आवश्यकता हो, वहाँ तत्काल मरम्मत और पेंच वर्क का कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाए। मानसून और सुगम यातायात के मद्देनजर सड़कों का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में एनएचएआई के भी बड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके तहत नेशनल हाईवे 934 के सागर से माहोली के निर्माण कार्य की प्रगति जांची गई। सागर लिंक रोड निर्माण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रोजेक्ट के तहत आने वाले व्हीकल अंडरपास और सर्विस रोड का निर्माण भी यथासंभव समानांतर रूप से करने और समय-सीमा में पूरा करने को कहा गया। लेहदरा से बरोदिया कलां तक बनने वाले 4-लेन वर्टिकल वेस्टर्न बाईपास के उन्नयन कार्य की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन विभागों की लापरवाही के कारण आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है, उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।



## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर प्रबुद्ध जनों का दमोह सांसद ने किया सम्मान

**गढ़ाकोटा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक प्रबुद्ध जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस दौरान प्रबुद्ध जनों के साथ दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने संवाद किया तथा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत के संकल्प और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण,महिला सशक्तिकरण,किसान सम्मान, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानो ने देश के विकास को नई गति दी है । कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्ध जन को सम्मानित किया गया । इस अवसर मंडल अध्यक्ष हरि नारायण पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, सभापति संतोष पटेल, दिनेश लहरिया, अभिजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नींव की खुदाई में निकला खजाना, मिले 49 चांदी के प्राचीन सिक्के, मची सनसनी



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के ग्राम रेगुवां में मकान निर्माण के दौरान खुदाई में चांदी के प्राचीन सिक्के मिले हैं। मामले की सूचना पर पुलिस ने मकान मालिक को थाने बुलाया। जहां मकान मालिक ने चांदी के सिक्के पुलिस को सौंप दिए। पुलिस ने तहसीलदार को सूचना दी। तहसीलदार ने सिक्के जब्त किए हैं। ग्राम रेगुवां निवासी दयाल पिता प्रहलाद अहिरवार गांव में मकान का निर्माण करा रहे हैं। बुधवार को वे मकान की नींव खुदवा रहे थे। नींव की खुदाई के दौरान मजदूरों को एक घड़ा मिला। जिसे खोलकर देखा तो उसमें चांदी के प्राचीन सिक्के थे। सिक्कों पर उर्दू-फारसी लिपि में लेख अंकित हैं। उनकी बनावट और स्वरूप को देखकर प्रारंभिक तौर पर इन्हें मुगलकालीन माना जा रहा है। हालांकि सिक्कों की वास्तविक विशेषज्ञों की जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। मामले में मकान मालिक दयाल अहिरवार ने गढ़ाकोटा थाने पहुंचकर सिक्के पुलिस को सौंप दिए हैं। गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि रेगुवां गांव में मकान निर्माण के दौरान प्राचीन सिक्के मिले हैं। सिक्कों की संख्या 49 है। सिक्के जब्त किए गए हैं। सिक्कों के संबंध में तहसीलदार और पुरातत्व विभाग को सूचना दी है। वे सिक्कों की जांच करेंगे।



**सागर।** श्री गुरु सिंघ सभा द्वारा श्री गुरुद्वारा भगवानगंज में श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व सिख परम्परा अनुसार मनाया गया। गुरुद्वारा भगवानगंज के बाहर छबील लगाकर ठंडे शर्बत का वितरण किया गुरू का लंगर प्रसाद अटूट बरता।



## मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द होने पर महिला कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाया

**सागर।** राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को रद्द करने को लेकर कांग्रेस का शहर में आक्रोश निरंतर जारी है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस के आह्वान पर एवं जिला शहर कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर किरण लता सोनी के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन धर्माश्री संविधान चौक पर जलाया गया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि देश में बहुत बड़ा राजनैतिक भूचाल आने वाला है। भाजपा देश की दशा और दिशा बदलने की कोशिश कर रही है। बहन मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना एक सुनियोजित साजिश है और जिसमें ना देश की सुनी जा रही है ना विपक्ष की। महेश जाटव ने कहा विपक्ष की आवाज दबाने में चुनाव आयोग ने पूरा सहयोग भाजपा को दिया। कांग्रेस विधायकों की पीड़ा राष्ट्रपति तक नहीं पहुंचने दी गई वहीं कोर्ट जैसी संविधानिक संस्थाएं भी गंभीर दिखाई नहीं दे रही हैं। देश के अनेक राजनीतिक दलों में अचानक फिर फूट डालो राज करो की नीति चालू हो गई है और इसके पीछे भी भाजपा है। महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा कि आज देश में सबसे ज्यादा भाजपा से महिला पीड़ित हैं। भाजपा नारी सम्मान करने की बात करती है तो फिर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द क्यों किया गया। किरण लता सोनी ने कहा कि शहर में अपराध युद्ध स्तर पर बढ़ रहे हैं हत्याएं लूट महिलाओं की प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ रही है जिसे रोकने में सरकार विफल रही।जब तक नटराजन के साथ न्याय नहीं हो जाता महिलाएं किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगी।

## क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



वीर सपूत और अमर बलिदानी महाराणा प्रताप की जयंती क्षत्रिय समाज के द्वारा पूरे नगर में धूमधाम और अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए समाजजनों ने सागर रोड स्थित महाराणा प्रताप परिसर में शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। नगर के भीतर सर्वसुविधा युक्त जगह आवंटन की मांग कार्यक्रम के दौरान क्षत्रिय समाज के जिला महामंत्री राहुल सिंह ने अपने उद्बोधन में समाज के भवन निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि "पिछली बैठक में महाराणा प्रताप भवन के लिए आईटीआई के पास जगह आवंटन करने की बात कही गई थी, लेकिन वह स्थान नगर से काफी दूर है। हमारी पुरजोर मांग है कि महाराणा प्रताप भवन के लिए सागर रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास ही जगह का आवंटन किया जाना चाहिए।"राहुल सिंह ने आगे कहा कि रहली में ऐसी कई शासकीय जगहें खाली पड़ी हैं, जिनमें से एक उपयुक्त स्थान क्षत्रिय समाज को दिया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यदि क्षेत्र के विधायक जी चाहें तो समाज को नगर के भीतर ही सर्वसुविधायुक्त जगह प्राप्त हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुशील हजारी का आभार जताते हुए कहा कि उनके विशेष प्रयासों से ही समाज को नगर के हृदय स्थल पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा लगाने के लिए यह गौरवमयी स्थान मिला था, जिसके लिए पूरी समाज हमेशा उनकी आभारी रहेगी। वहीं अभिजीत सिंह गोल्डी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आज के आधुनिक समय में समाज की तरक्की और अधिकारों की रक्षा के लिए आपसी एकजुटता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम स्थल पर मनाया जन्मदिनमहाराणा प्रताप जयंती पर ही राहुल सिंह का जन्मदिन होने के चलते कार्यक्रम स्थल पर ही राहुल सिंह चौरहा का जन्मदिन समाज के सभी लोगों की उपस्थिति में मनाया गया।

कार्यक्रम मेंजगदीश सिंह पाटई, श्रीराम सिंह, पप्पू गौर, मिंटू चोरहा, सौरभ उदयपुरा, रविराज सिंह, रूपेश सिंह, सीताराम बड़गान, इंद्रेश सिंह, सुरेंद्र लंबरदार, रूपेश रमखिरिया, भूपेंद्र रतनारी, विकास अचल पुर, युवराज लंबरदार, ब्रजेश सिंह, शुभम बड़गांन, दीपक ठाकुर, छोटू ठाकुर, दिनेश सिंह इमलिया, और शिवेंद्र सिंह पाटई सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जन, प्रबुद्ध नागरिक और ऊर्जावान युवा उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय के सामने सड़क पर रखे 19 विज्ञापन बोर्ड जब्त यातायात बाधित करने वालों पर निगम की सख्त कार्रवाई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय गेट के सामने विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क पर अवैध रूप से विज्ञापन बोर्ड एवं अन्य सामग्री रखकर यातायात को बाधित करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नगर निगम की अतिक्रमण टीम ने कार्रवाई करते हुए 19 बोर्ड जब्त किए।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला चिकित्सालय के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने कई दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के प्रचार-प्रसार के लिए सड़क पर बड़े-बड़े बोर्ड रख दिए गए थे, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था तथा मरीजों, उनके परिजनों एवं आम नागरिकों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल क्षेत्र होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों की आवाजाही रहती है, ऐसे में सड़क पर रखे गए बोर्ड दुर्घटनाओं एवं यातायात अव्यवस्था का कारण बन रहे थे।



## एक माह में 21 लाख से अधिक बार हुआ श्री सीताराम नाम लेखन

**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन की आध्यात्मिक परंपरा निरंतर जन-जन की आस्था का केंद्र बनती जा रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा से वर्ष 2012 में प्रारंभ किया गया श्री सीताराम नाम लेखन अभियान वर्तमान में अपने 25वें सवा करोड़ नाम लेखन जप की ओर अग्रसर है। यह जानकारी देते हुए श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा सागर के सह-व्यवस्थापक पं. बृजेश द्विवेदी ने बताया कि भक्तों द्वारा अब तक 24 बार सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन पूर्ण किया जा चुका है। 18 मई 2026 से 25वें सवा करोड़ नाम लेखन जप का शुभारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत एक माह की अवधि पूर्ण होने पर 18 जून 2026 को जय गुरुदेव भवन, सनराइज मेगा सिटी में भक्तों द्वारा किए गए नाम लेखन की गणना संपन्न हुई। गणना के दौरान लेखन प्रेमियों द्वारा 60 पूर्ण लेखन कॉपियाँ जय गुरुदेव भवन, 35 पूर्ण कॉपियाँ सीताराम नाम बैंक हनुमान दुर्गा भैरव धाम तथा 5 पूर्ण कॉपियाँ करुणानिधान मंदिर, मेगा सिटी में जमा कराई गईं। इस प्रकार कुल 100 पूर्ण लेखन कॉपियाँ प्राप्त हुईं। पं. द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक पूर्ण कॉपी में 21,504 बार श्री सीताराम नाम लेखन किया जाता है। इस आधार पर एक माह में कुल 21,50,400 (इक्कीस लाख पचास हजार चार सौ) बार श्री सीताराम नाम का लेखन संपन्न हुआ।

## प्राचीन सिद्ध क्षेत्र पटेरिया जी स्थित जगदीश मंदिर शाला में हो रहा है आयोजन

# श्री गणेश संस्कृत विद्यालय के 100 बटुक ब्राह्मण बच्चों का वैदिक पद्धति से पंचगव्य स्नान, उपनयन, दीक्षा, देवदर्शन तथा भिक्षा ग्रहण संस्कार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढाकोटा स्थित प्राचीन सिद्ध क्षेत्र जगदीश शाला मंदिर पटेरिया में महात्रिपुरसुंदरि माँ राजराजेश्वरी की नित्यनिवास दिव्य देवीलोक - मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस पर श्री गणेश संस्कृत विद्यालय के 100 बटुक ब्राह्मण बच्चों का वैदिक पद्धति से पंचगव्य स्नान , उपनयन, दीक्षा, देवदर्शन तथा भिक्षा ग्रहण संस्कार संपन्न हुआ ।

आयोजक विधायक पं गोपाल भार्गव ने बताया कि गायत्री, मंत्र-साधना और वेदपाठ के सान्निध्य में चलने वाला यह पवित्र संस्कार हमारे प्राचीन वैदिक परम्परा की जीवंतता का प्रमाण है जिसमें प्रसिद्ध अजब धाम फतेहपुर से पधारे संत श्री जै जै सरकार (छोटे सरकार) ने बटुक छात्रों को गुरु मंत्र की दीक्षा दी ।

आयोजक विधायक पं गोपाल भार्गव ने बताया कि गायत्री, मंत्र-साधना और वेदपाठ के सान्निध्य में चलने वाला यह पवित्र संस्कार हमारे प्राचीन वैदिक परम्परा की जीवंतता का प्रमाण है जिसमें प्रसिद्ध अजब धाम फतेहपुर से पधारे संत श्री जै जै सरकार (छोटे सरकार) ने बटुक छात्रों को गुरु मंत्र की दीक्षा दी ।

इस विश्वास और आशीर्वाद से बच्चों का जीवन धर्म, विद्या और संस्कारों से परिपुष्ट हो ऐसी कामना। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर जगदीश मंदिर शाला के महंत श्री हरिदास जी, कर्मकाण्ड मर्मज्ञ चन्द्रप्रकाश तिवारी बरारू, मनोज तिवारी डब्बू भैया सहित विद्वान पंडित एवं श्रद्धालु मौजूद थे।





## बुंदेली क्रिएटर अवार्ड-2026, 21 जून को

**सागर।** बुंदेलखंड की समृद्ध लोक-संस्कृति,भाषा,संगीत और डिजिटल माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से डॉ. हरिश रहगड़, संस्थापक बुंदेली पॉडकास्ट, के नेतृत्व में "बुंदेली क्रिएटर्स अवार्ड – 2026" का भव्य आयोजन दिनांक 21 जून, रविवार को रवीन्द्र भवन में सुबह 9:30 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक किया जा रहा है। यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हो रहा है,और अल्प समय में ही बुंदेलखंड का एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंच बन चुका है। डॉ.हरिश रहगड़ ने बताया कि विगत कई वर्षों से बुंदेली भाषा, लोक-संगीत, साहित्य,रंगमंच और सोशल मीडिया से जुड़े कलाकारों को समर्पित भाव से प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से बुंदेली पॉडकास्ट आज केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म न रहकर बुंदेलखंड की सांस्कृतिक पहचान और आवाज़ बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर-चंदेरी मार्ग पर ग्राम कालापहाड़ के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत चंदेरी की गांधीनगर कॉलोनी निवासी राहुल बाल्मीकि पुत्र अशोक कुमार बाल्मीकि ने बताया कि उनका भाई अरुण बाल्मीकि बीती 1 जून को अपनी होंडा मोटरसाइकिल संख्या एमपी-67-जेई-7514 से ललितपुर से चंदेरी लौट रहा था। जब वह कालापहाड़ के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही टाटा टियागो कार संख्या यूपी-94-क्यू-1515 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्ण ढंग से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और अरुण घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

### ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मारी, दो महिलाएं घायल

**ललितपुर ।** झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम खांदी के पास एक बिना नंबर के ट्रैक्टर द्वारा कार में टक्कर मारने से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ललितपुर नगर के इलाइट चौराहा क्षेत्र निवासी शैलेंद्र जायसवाल पुत्र अनिल कुमार जायसवाल सोमवार की शाम करीब 6.30 बजे अपनी होंडा बीआरवी कार संख्या यूपी-94-एस-0999 से परिवार के साथ ललितपुर से झांसी जा रहे थे। जब उनकी कार झांसी-ललितपुर हाईवे पर ग्राम खांदी स्थित जियो पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तभी सामने के कट से एक ईंटों से भरा ट्रैक्टर गलत दिशा से अचानक सड़क पर आ गया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चला रहा था। रोंग साइड से आए ट्रैक्टर ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार शैलेंद्र जायसवाल की माता कल्पना जायसवाल तथा चाची प्रिया जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

### गुटखा मांगने पर दलित पिता-पुत्र को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मिर्चवारा में गुटखा मांगने को लेकर हुए विवाद में एक दलित युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकानदार और उसके पिता ने लोहे की रॉड से युवक पर हमला कर दिया तथा बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता को भी पीट दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मिर्चवारा निवासी प्यारेलाल उर्फ हल्के अहिरवार पुत्र गम्पे अहिरवार ने बताया कि 14 जून की शाम लगभग आठ बजे उनका पुत्र संजीव अनोर गांव के अनोर तिराहे स्थित एक दुकान पर राजश्री गुटखा लेने गया था। आरोप है कि दुकान संचालक आकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश कुशवाहा ने बिना किसी कारण के संजीव के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आकाश उर्फ छोटू तथा उसके पिता कमलेश कुशवाहा पुत्र धनसिंह कुशवाहा कथित रूप से आक्रोशित हो गए और दुकान में रखी लोहे की रॉड से संजीव के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुत्र की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी आकाश उर्फ छोटू एवं कमलेश कुशवाहा के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### ग्राम रोंडा के सामने 30 फीट रास्ता छोड़ने की मांग, आश्वासन पर माने

# एनएच-44 पर रेलिंग निर्माण का विरोध ग्रामीणों का चक्काजाम, घंटों ट्रैफिक थमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 (एनएच-44) पर ग्राम रोंडा के सामने रेलिंग (सेफ्टी गार्ड) लगाए जाने के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। अचानक हुए प्रदर्शन के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों प्रभावित रहा। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ग्राम रोंडा के पास हाईवे के डिवाइडर एवं दोनों ओर सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्धारित स्थान पर पूरी तरह रेलिंग लगा दी गई तो गांव का मुख्य आवागमन मार्ग बंद हो जाएगा, जिससे हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम रोंडा से मन्नू पेट्रोल पंप की ओर लगभग दो किलोमीटर तक तथा झांसी की दिशा में करीब एक किलोमीटर तक सड़क पार करने के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं और आम नागरिकों को दूसरी ओर जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की मांग थी कि गांव के मुख्य आवागमन स्थल पर हाईवे के बीच कम से कम 30 फीट चौड़ा कट या रास्ता छोड़ा जाए, ताकि लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो।

इसी मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण हाईवे पर एकत्र हो गए और चक्काजाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। करीब एक घंटे तक चली बातचीत के दौरान ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों ने मामले को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने तथा जनहित में समाधान निकालने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। जाम खुलने के बाद यातायात पुनः सुचारु हो सका। इस दौरान हाईवे पर फंसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि ग्राम रौंडा के मुख्य मार्ग पर 30 फीट चौड़ा रास्ता सुरक्षित रखते हुए ही रेलिंग निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों के आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

### ललितपुर के बाद सक्रिय हो जाता गिरोह

## गोंडवाना और पुष्पक एक्सप्रेस में लाखों रुपए का सामान पार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर रेलवे स्टेशन और उसके आसपास से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

हाल ही में जीआरपी थाना ललितपुर में दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर ने रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों मामलों में समान तथ्य यह सामने आए हैं कि यात्री ट्रेन में सो रहे थे और ललितपुर स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के कुछ ही समय बाद उनका कीमती सामान चोरी हो गया। इन घटनाओं ने स्टेशन परिसर में बढ़ती अव्यवस्थाओं, अवैध वेंडरों की आवाजाही, संदिग्ध बाहरी तत्वों की सक्रियता और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। जीआरपी में दर्ज एफआईआर के अनुसार मध्य प्रदेश के दमोह जनपद स्थित ग्राम विलई निवासी दशोदा बाई पत्नी बबलू अहिरवार 13 मई को हजरत निजामुद्दीन से दमोह जाने के लिए ट्रेन संख्या 22182 गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई। जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन पार कर आगे बढ़ी तो उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि उनके हैंडबैग की चेन खुली हुई थी और उसमें रखे 50 हजार रुपये नगद, लगभग 14,499 रुपये कीमत का रेडमी मोबाइल फोन तथा यात्रा टिकट गायब थे। पीड़िता ने अपने समीप बैठे एक संदिग्ध युवक पर चोरी की आशंका व्यक्त की है। दूसरा मामला एफआईआर संख्या 0070/2026 का है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद निवासी अरुण कुमार सिंह पुत्र चतुर्भुज सिंह ट्रेन संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस से कानपुर सेंट्रल से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वह जनरल कोच में सो गए।

ललितपुर स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के लगभग दस मिनट बाद जब उनकी आंख खुली तो उनके बगल में रखा लैपटॉप बैग गायब था। बैग में करीब 40,340 रुपये कीमत का डेल कंपनी का लैपटॉप, बैंक पासबुक, दो पेन ड्राइव और चार्जर रखा हुआ था। काफी तलाश के बाद भी सामान नहीं मिला तो उन्होंने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं के बाद यात्रियों ने स्टेशन परिसर और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। स्टेशन पर देर रात तक बाहरी और संदिग्ध लोग घूमते दिखाई देते हैं।

### मुहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

## ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक न हो: डीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था, सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार मोहर्रम के दौरान कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी और पूर्व वर्षों की भांति ही आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, नगर निकायों, विद्युत विभाग तथा जल संस्थान के अधिकारियों को संयुक्त रूप से ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों पर लटक रही पेड़ों की डालियों, जर्जर विद्युत तारों एवं अन्य बाधाओं को समय रहते हटाया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी ताजिए की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। सभी ताजिया समितियां इस नियम का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ताजिए केवल निर्धारित कर्बला स्थलों पर ही ठंडे किए जाएंगे। अन्य किसी स्थान पर ताजिया ठंडा किए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि ताजिया विसर्जन के बाद बचे अवशेषों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, लाठी-डंडे या ज्वलनशील पदार्थों का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने धर्मगुरुओं एवं ताजिया समितियों से अपील की कि किसी भी धार्मिक आयोजन की सूचना संबंधित थाना पुलिस को उपलब्ध कराएं।

### नपा अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने वार्डों का निरीक्षण किया

## विकास कार्यों का भूमि पूजन, मुहर्रम से पहले कर्बला घाट की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया तथा सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

नपाध्यक्ष ने वार्ड संख्या-14 के मोहल्ला रावतयाना स्थित इमामी कब्रिस्तान मार्ग पर सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों से कब्रिस्तान तक पक्की सड़क न होने के कारण विशेषकर बरसात के मौसम में आवागमन में भारी परेशानी होती थी और जलभराव की समस्या बनी रहती थी। पालिका द्वारा शुरू कराए जा रहे इस निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी



तथा जल निकासी व्यवस्था भी बेहतर होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आनंद यादव एवं पार्षद अब्दुल बारी मौजूद रहे।

इसके बाद अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने वार्ड संख्या-16 के मोहल्ला आजादपुरा में चर्च के सामने प्रस्तावित सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई संबंधी फीडबैक लिया और अधिकारियों को नियमित सफाई अभियान चलाने तथा स्ट्रीट लाइट एवं अन्य प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। 26 जून को आयोजित होने वाले मुहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने कर्बला घाट और जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका टीम एवं जल निगम अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए घाटों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों, नालियों एवं अन्य निर्माण कार्यों की मरम्मत कराने के लिए जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष सोनाली जैन ने स्पष्ट कहा कि मुहर्रम पर्व से पहले सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, जल निगम के अधिशासी अभियंता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित नगर पालिका के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर पार्क की भूमि पर कब्जे का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम कचनौदा कलां में बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर पार्क के लिए चिन्हित भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर पार्क निर्माण के लिए राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खाता संख्या 942, आराजी संख्या 2030/4मि., रकबा 0.2020 हेक्टेयर (लगभग 50 डिसमिल) भूमि को चिन्हित किया गया था। आरोप है कि उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और वर्तमान में वहां मकान निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं



का कहना है कि जब ग्रामीणों ने पार्क के लिए आरक्षित भूमि पर निर्माण कार्य का विरोध किया तो कथित रूप से उन्हें धमकियां दी गईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई, जिससे गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अम्बेडकर पार्क के लिए चिन्हित भूमि की जांच कराकर उसे तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए तथा यदि सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण पाया जाता है तो उसे हटाया जाए। साथ ही धमकी देने एवं शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## बसपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बहुजन समाज पार्टी की ललितपुर विधानसभा-226 के सेक्टर क्रमांक-21 बस्तगुवां में बूथों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बूथ संख्या-168 सेमरा डांग पर कालूराम वंशकार तथा बूथ संख्या-169 सेमरा डांग पर रामचरण अहिरवार को बूथ अध्यक्ष चुना गया। वहीं बृजलाल अहिरवार, घनश्याम पाल एवं संतोष पाल को सर्वसम्मति से सेक्टर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि केहर सिंह गौतम (मंडल प्रभारी, झांसी मंडल) एवं जानकी प्रसाद बौद्ध (जिलाध्यक्ष, बसपा) ने पार्टी सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के संदेश को कार्यकर्ताओं



तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना है। इसके लिए सर्वसमाज, विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को पार्टी से जोडऩे पर जोर दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि बूथों की मजबूती से ही विधानसभा और सरकार का निर्माण होता है। यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करेगा तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। मायावती के चार बार के शासनकाल में कानून का राज स्थापित हुआ, भ्रष्टाचार एवं अपराध पर नियंत्रण रहा तथा सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की नीति के तहत सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किए गए।

### आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## 55 लीटर अवैध शराब बरामद कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा बड़ी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम माउमाफी में अवैध मद्य निष्कर्षण के अडडों को चिन्हित कर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब



बरामद की गई। इसके अलावा जमीन में गाड़कर रखे गए ड्रमों को निकलवाते हुए लगभग 3000 किलोग्राम लहन (शराब बनाने हेतु तैयार सामग्री) को नष्ट कराया गया। छापेमारी के दौरान रचना कबूतरा एवं भूमि कबूतरा नामक दो महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कोतवाली ललितपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### महाराणा प्रताप व महाराजा छत्रसाल की जयंती उत्साह से मनाई

## अभाक्षत्रिय महासभा ने वीरों के योगदान को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में रावतयाना स्थित संगठन कार्यालय पर मेवाड़ के वीर शासक महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया एवं बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल जूदेव की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार, महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल जूदेव के चित्रों समक्ष दीप



प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने दोनों वीर शासकों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र तथा धर्म रक्षा के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने पराक्रम और अदम्य साहस से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। वहीं महाराजा छत्रसाल जूदेव ने बुंदेलखंड की धरती पर वीरता और स्वाभिमान का नया अध्याय लिखा। उनके संघर्ष और नेतृत्व ने क्षेत्र को नई पहचान दिलाई। महामंत्री भगवत सिंह ने कहा कि दोनों महापुरुषों की जयंती तिथि के अनुसार मनाई जाती है। उन्होंने महाराजा छत्रसाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल ने अपने शौर्य और नेतृत्व से जनता के बीच विशेष स्थान बनाया। उनके पराक्रम से जुड़ा प्रसिद्ध दोहा आज भी लोगों की जुबान पर है छत्ता तेरे राज में धक-धक धरती होय, जित-जित घोड़ा पग धरे उत-उत फत्ते होय।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के नाम पर दावेदारों ने किया शक्ति प्रदर्शन

# युवा देश का भविष्य इसलिए हर नेतृत्व को तैयार रहें : श्याम टेलर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करें, ताकि देश मजबूत और सुरक्षित हाथों में रहे. युवा देश का भविष्य है और यह भविष्य आप में से भी हो सकता है. इसके लिए आप हर तरह के नेतृत्व के लिए तैयार रहे. यह बात भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित युवा पंचायत में पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही. इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर युवा कार्यकर्ताओं ने उनका जगह जगह जिस अंदाज में स्वागत किया,उसे देखकर लगा मानो भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष के दावेदार अपनी शक्ति का प्रदर्शन स्वागत के दौरान कर रहे है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मनाई जा रहे सम्मान दिवस कार्यक्रम के तहत श्योपुर पहुंचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टेलर ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई युवा पंचायत में युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि युवा इस देश का नेतृत्व करें, हर विभाग हर स्थान पर वह युवा को देखना चाहते हैं देश प्रदेश और इस जिले जिसमें आप रहते हो इसका नेतृत्व भी युवा हाथों में हो. यही प्रधानमंत्री का सपना है उन्होंने कहा था कि हम 1 लाख युवाओं को सक्रिय राजनीति में लेकर आएंगे और वह सरकार में भागीदारी करेंगे प्रधानमंत्री ने यह बात यूं ही नहीं कही, वो जो कहते हैं वो डेफिनेटली करते हैं. यह एक लाख युवा नेपाल पाकिस्तान अफगानिस्तान से नहीं आने हैं आप में से ही इनका चुनाव आपमें से ही होना है इसलिए आप शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में राष्ट्र विरोधी कांग्रेस और दूसरे दलों की कोशिशें को नाकाम करने में जुट जाएं. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय एवं ब्रजराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई, नगरपालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र जाट, अशोक गर्ग, कैलाश गुप्ता, रामलखन नापाखेड़ली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे है कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज सोनी ने किया।




### मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने वालों ने जोरदार किया शक्ति प्रदर्शन

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनने की उम्मीद संजोय बैठे युवा कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत सत्कार के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन भी खूब जोरदारी से किया. ईको सेंटर से लेकर भाजपा कार्यालय तक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंच लगाकर स्वागत कार्यक्रम की तैयारी की थी और जैसे ही युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वहां पहुंचे उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी चलाई और यह दर्शाने का प्रयास किया कि वह जिले में ऐसे युवा है अगर उन्हें युवा मोर्चा की कमान सौंपी गई तो वह जिले के भीतर पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे. सूत्रों की माने तो प्रदेश के अधिकतर जिलों में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष तय कर दिए गए हैं लेकिन कुछ जिलों में पेच फंसा हुआ है जिसे हल करने के लिए खुद प्रदेश अध्यक्ष ऐसे जिलों का दौरा कर रहे हैं जहां एक से अधिक नाम पैनल में शामिल है. श्योपुर में भी यही स्थिति हैं. यहां एक दर्जन के करीब युवा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी कर रहे हैं.

### प्रदेश अध्यक्ष बोले युवा जीतेंगे जिले की दोनों सीटें

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष टेलर ने अपने उद्बोधन में ऐसी बात कही डाली जिससे वहां बैठे सीनियर नेताओं के मुंह लटक गए जो खुद को विधानसभा चुनाव में भाजपा की और से प्रत्याशी समझकर काम कर रहे. दरअसल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्योपुर जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का रावण राज चल रहा है इस रावण राज को खत्म सिर्फ युवा ही कर सकते हैं. इसलिए आने वाले समय में विजयपुर और श्योपुर दोनों विधानसभा सीटों से युवा चुनाव लड़कर कांग्रेस की लंका वैसे ही लगाएंगे जैसे बंगाल में टीएमसी की लगाई है. उन्होंने युवाओं से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहां. प्रदेश अध्यक्ष के इस जोशीले भाषण से युवाओं तो ऊर्जा से भर गए लेकिन वहां बैठे वो बीजेपी नेता बगले झांकने लगे जो विधानसभा चुनाव की तैयारी में इन दिनों जुटे हुए हैं और भाजपा के टिकट की पूरी उम्मीद लगाए हुए हैं.

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को उठा ले गई पुलिस

श्योपुर दौरे पर आए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को काले झंडे दिखाने की चेतावनी देने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ता काले झंडे नहीं दिखा सके,क्योंकि कोतवाली पुलिस उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के श्योपुर में दाखिल होने से पहले की कॉलेज से उठाकर थाने ले आई। जिनमें कॉलेज के एनएसयूआई नेता व विधायक प्रतिनिधी अभिषेक मीणा, श्याम मीणा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल है। यह सभी कार्यकर्ता शाम 5 बजे तक कोतवाली थाने पर पुलिस की निगरानी में बने रहे।

## सामान्य वन मंडल श्योपुर के स्टेनो और दो बाबुओं का ट्रांसफर

# रेंजर आकाश का तबादला, खाली हुई बुढेरा रेंज, वीरपुर में तोमर की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

प्रदेश स्तर से चल रही तबादलों की बयार में जिले के वन विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी भी इधर से उधर हुए है। सामान्य वन मंडल की बुढेरा रेंज में पदस्थ रेंज आफिसर आकाश तोमर का मुरैना की पहाडगढ रेंज में तबादला हो गया है। लेकिन बुढेरा रेंज फिलहाल किसी दूसरे रेंज आफिसर की पदस्थापना नहीं की गई है। जिसकारण बुढेरा रेंज खाली हो गई है। उधर काफी दिनों से प्रभारी के भरोसे चल रही सामान्य वन मंडल की वीरपुर रेंज में रेंजर के रूप में रजत तोमर की पदस्थी हो गई है।




रजत तोमर वर्तमान में छतरपुर जिले की बाजना रेंज में बतौर रेंजर पदस्थ है,जहां से उन्हें वीरपुर रेंज में नई पदस्थापना दी गई है। इसके साथही कूनो वनमंडल में पदस्थ रेंजर प्रेरणा दुबे का गुना जिले के राघौगढ परिक्षेत्र में ट्रांसफर हो गया है। उनकी जगह रेंजर मयंक शर्मा का पन्ना टाइगर रिजर्व से कूनो वन मंडल श्योपुर में ट्रांसफर किया गया है। जबकि कूनो वन मंडल श्योपुर में पदस्थ निखिलेश शर्मा का अनुसंधान विस्तार वृत ग्वालियर में तबादला कर दिया है तथा बालाघाट से तेजपाल सिंह सिकरवार को कूनो वन मंडल श्योपुर में पदस्थ किया गया है। इनके अलावा सामान्य वन मंडल कार्यालय श्योपुर में पदस्थ स्टेनोटायपिस्ट मनीष गौड का ट्रांसफर वृत कार्यालय ग्वालियर, बाबू धर्मेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ का श्योपुर वन मंडल कार्यालय से मुरैना, मुकेश कुमार मौर्य का श्योपुर से ग्वालियर तबादला कर दिया गया है।

# चांद दिखाई देते ही इमामबाड़ा पर बजने लगे ढोल, 26 को निकालेंगे ताजिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

इस्लामिक कैलेंडर का नया साल मोहर्रम मंगलवार से शुरू हो गया है इस महीने को कुछ लोग ताजियादारी के रूप में भी मानते हैं जिसके चलते इमामबाड़ों पर ढोल ताशा नगाड़े बजने शुरू हो गए हैं ताजियों को अंतिम रूप दिया जाने लगा है 26 जून को ताजियों का मातमी जुलूस निकाला जाएगा.

बुधवार को मुहर्रम की पहली



तारीख हो चुकी है इस हिसाब से हजरत इमाम हुसैन रदी. की शहादत यौम ए आशूरा 26 जून को मनाया जाएगा। इस दिन शहर में ताजियो का विशाल जुलूस निकाला जायगा. इससे पहले मोहर्रम की 7 तारीख़ (23 जून) को अलम-निशानो की परम्परागत दौड़ आयोजित होगी जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है. 26 जून को दिन में ताजियो का जुलूस निकालने के बाद शाम को ताजिए क़र्बला में दफनाए जायेंगे. इससे पहले 25 जून की रात ताजिए गस्त पर निकलेंगे।

## अदालत ने दिए विटनेस लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

# वोट चोरी कर नगर सरकार बनाने के मामले में 23 को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

जिला न्यायालय ने नपाध्यक्ष रेनू राठौर सहित तीनों पक्षों को 23 जून को विटनेस लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. ज्ञात हो कि पार्षद समेर सिंह ने वोट चोरी कर सरकार बनाने का आरोप लगाते हुए नपाध्यक्ष को अयोग्य घोषित करने की गुहार जिला न्यायालय में लगाई थी जिसे निचली अदालत ने सुनवाई योग्य न समझने के चलते सुमेर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी. हाईकोर्ट ने निचली कोर्ट को मामले की सुनवाई करने का निर्देश देने के बाद गुरुवार को प्रथम श्रेणी जिला मजिस्ट्रेट प्रतिष्ठा अवस्थी की अदालत ने तीनों पक्षों को अपने गवाहो की सूची 23 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. इस मामले में याचिकाकर्ता सुमेर सिंह की और से पैरवी के लिए हाफ़जि शरीफ मोहम्मद एडवोकेट,




नपाध्यक्ष रेनू राठौर की और से ओपी गुप्ता एडवोकेट एवं शासन की और से राजेंद्र जाधव एडवोकेट उपस्थित हुए।

याचिका कर्ता सुमेर सिंह की ओर से एडवोकेट हाफिज शरीफ मोहम्मद ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि दिनांक 5.8.2022 को जो चुनावी प्रक्रिया अपनाई गई थी वह दोषपूर्ण थी उसमें अनियमितताएं हुई थी उसे भ्रष्टाचार की श्रेणी में माना जाना चाहिए और इस मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करते हुए लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं इसलिए नपा अध्यक्ष के काम करने पर जो रोक लगाई जाए उनका अध्यक्ष की हैसियत से काम करना हाई कोर्ट की अवमानना है. नपा अध्यक्ष रेनू राठौर की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट ओपी गुप्ता ने अदालत को बताया कि यह मामला ही चलने योग्य नहीं है. उनके मुवक्किल को राजनीतिक द्वेषभाव के चलते परेशान करने के उद्देश्य से यह याचिका लगाई गई है. नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अपनाई गई चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई है इसलिए याचिका निरस्त की जाए साथ ही उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट के मामले के खिलाफ नपा अध्यक्ष रेनू राठौर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है जिस पर सुनवाई होना बाकी है इसलिए इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने का इंतजार किया जाए।

### मुक्तिनाद नगर फीडर से आज बंद रहेगी बिजली

श्योपुर। लाइन मेंटीनेंस होने के कारण 11 केव्ही मुक्तिनाद नगर फीडर से 19 जून को प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से वार्ड नंबर 14,15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी एवं आसपास के एरिया में 19 जून को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

## एआई आधारित पाठ्यक्रम पर द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू

श्योपुर। भारत सरकार, नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत मैजिक बस इंडिया फाउंडेंशन के तकनीकी सहयोग से कराहल ब्लॉक अंतर्गत माध्यमिक शिक्षको के लिए एआई -आधारित पाठ्यक्रम पर द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का गुरूवार को शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक फैलो दीपांशी जादौन, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन डीजीएम सत्यप्रकाश नायक, ट्रेनिंग मैनेजर प्रीति द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शहजाद पठान, विकासखण्ड प्रबंधक नीतेश बैरागी आदि उपस्थित रहें। जनजातीय छात्रों को एआई पाठ्यक्रम में सक्षम बनाने के लिए शिक्षकों के सशक्तिकरण हेतु आयोजित प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एआई आधारित शैक्षिक गतिविधियाँ, विषय-वस्तु (मेटर) के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन करने के तरीके, और कक्षा-स्तर पर गतिविधियों का संचालन व मूल्यांकन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

# महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला हाथों में लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

कांग्रेस नेत्री मिनाक्षी नटराजन का राज्यसभा से नामांकन रद्द होने के मामले को लेकर महीला कांग्रेस ने गुरुवार को मुख्यमंत्री का पुतला लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम के पुतले को जलाती,उसके पहले कांग्रेस की महिलाओ से पुलिस ने पुतला छीन लिया। इस दौराल पुतले को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ और पुलिस के बीच पुतले को छीने जाने को लेकर खिंचतान हुई.गुरुवार को महिला कांग्रेस नेत्री एवं पार्षद लक्ष्मी शिवहरे के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाने का प्रदर्शन किया इस




दौरान एकत्रित हुए महिलाओं ने पहले नारेबाजी की बाद में पुतला जलाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने पुतले को छीन लिया और बाद में कांग्रेस नेत्रियों ने पुतला जलाने की औपचारिकता निभाई

## लोक निर्माण विभाग ने बैंको को लिखा पत्र, ठेकेदारो में मचा हडकंप

# सड़कों का मेंटीनेंस कराने में लापरवाही बरत रहे ठेकेदारों की बैंको में जमा राशि मय ब्याज होगी इन कैश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

जिले में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सडकों का निर्माण कराने वाले उन ठेकेदारों में इन दिनों हडकंप की स्थिति बन गई है,जो सडको का निर्माण कराने के बाद गारंटी अवधि में उनका मेटीनेंस कराने में लापरवाही बरत रहे है। यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई,क्योंकि लोक निर्माण विभाग ने लापरवाही दिखाने वाले ठेकेदारो को शंट करने के लिए उनकी विभिन्न बैंको में जमा एफडीआर राशि को मय ब्याज इन कैश कर लोक निर्माण विभाग श्योपुर को प्रदाय किए जाने के लिए पत्र लिख दिया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने यह पत्र उन सभी बैंको को लिखा है,जिनमें संबंधित ठेकेदारों की एफडीआर राशि जमा है।

दरअसल सडको का निर्माण करने वाले ठेकेदारो को गारंटी अवधि के दौरान सडको का मेंटीनेंस भी कराना जरूरी होता है। लेकिन श्योपुर जिले में ऐसे कई ठेकेदार है, जो गारंटी अवधि के दौरान सडके खराब हो जाने के बाद भी उनका मेंटीनेंस कराने में लापरवाही दिखाते है। जिससे एक तरफ क्षेत्रीय ग्रामीणों को परेशानी उठानी पडती है,वहीं ठेकेदार मेंटीनेंस की राशि बचाकर अपने बारे न्यारे कर लेते है। श्योपुर जिले के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ऐसे कई ठेकेदार है,जिनके द्वारा सडको का निर्माण करा दिया है,लेकिन गारंटी अवधि के दौरान ही सडको के खराब हो जाने के बाद भी उनका मेंटीनेंस नही कराया जा रहा है। ऐसे लापरवाही ठेकेदारो पर कार्रवाई करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने इनकी बैंको में जमा एफडीआर राशि को मय ब्याज इन केश करके उसे लोक निर्माण विभाग के खाते में पहुंचाए जाने के लिए पत्र लिख दिया है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा करीब 10 ठेकेदारो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए उठाए गए इस कदम से ठेकेदारो में हडकंप की स्थिति बन गई है।



### सडको का मेंटीनेंस न होने से परेशानी भोग रहे क्षेत्रीय लोग

ग्रामीणों की माने तो जिले में प्रेमसर बिलवाडा, ज्वाड पहुंच मार्ग, ननावद बाया किलोरच, बडोदियाबिंदी से राधापुरा, पांडोला से राडेप तथा गुरनावदा से चिमलका सडक सहित अन्य कई सडके ऐसी है,जो गारंटी अवधि के दौरान खराब हो गई है। इसलिए संबंधित ठेकेदार के द्वारा इन सडकों का मेंटीनेंस कराया जाना चाहिए। मगर इन सडको को बनाने वाले ठेकेदार मेंटीनेंस को लेकर लापरवाही बरतते हुए इन सडकों का मेंटीनेंस नहीं करा रहे है। जिससे इन सडको से गुजरने वाले क्षेत्रीय ग्रामीणों को खासी परेशानिया भोगनी पड रही है।

### इन ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

| क्र | सडक का नाम | ठेकेदार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्योपुर से खातौली | गर्ग इंफ्रास्ट्रक्चर |
| 2 | बडौदियाबिंदी से राधापुरा | प्रियांश कंट्रक्शन |
| 3 | ननावद बाया किलोरच | राजेन्द्र प्रसाद सिंहल |
| 4 | प्रेमसर से पच्चीपुरा | जय मां चिलावद कंट्रक्शन |
| 5 | पांडोला से राडेप | प्रियांश कंट्रक्शन |
| 6 | धोरीवाबडी से काउपुरा | जय मां चिलावद कंट्रक्शन |
| 7 | प्रेमसर से बिलवाडा | प्रदीप इंटरप्राइजेज |
| 8 | गसवानी से बडौदाकला | वीरेन्द्र सिंह सिकरवार |
| 9 | निमोदापीर से गुढा | वीरेन्द्र सिंह सिकरवार |
| 10 | गुरनावदा से चिमलका | आरसी गोयल |
| 11 | ज्वाड पहुंच मार्ग | प्रदीप इंटरप्राइजेज |

### यह होगा ठेकेदारों को नुकसान

बैंको में जमा ठेकेदारों की एफडीआर की राशि को इन केश कर उसे लोक निर्माण विभाग के खाते में भेजे जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री पुष्कल प्रताप सिंह ने संबंधित बैंको को पत्र लिख दिया है। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई संबंधित बैंको के द्वारा की जाएगी, जो कब की जाएगी, यह तो आने वाला वक्त की बताएगा,लेकिन विभागीय जानकार बता रहे है कि यदि ठेकेदारो पर यह कार्रवाई हो गई तो उन्हें आगे भविष्य में सडकों का निर्माण कार्यो को लेकर कोई बैंक लोन मंजूर नहीं करेगा। ऐसे में ठेकेदारो का बडा नुकसान होना तय है।

### इनका कहना है...

जो ठेकेदार सडकों का मेंटीनेंस कराने में लापरवाही दिखा रहे है,उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उनकी बैंको में जमा एफडीआर राशि को मय ब्याज के इन केश करके लोनिवि के खाते में जमा कराए जाने के लिए पत्र लिखा गया है। सडको के निर्माण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**पुष्कल प्रताप सिंह**
**ईई लोक निर्माण विभाग,श्योपुर**

## चोरों ने एक साथ दो घरों को बनाया निशाना,एक घर से कुछ नहीं लगा हाथ

# कीरपुरा में दीवार तोड़कर चोरी, पांच तोला सोना और 60 हजार नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कीरपुरा में बीती रात को चोरो ने दो घरो को निशाना बना दिया। हालांकि चोरो को एक घर से कुछ नहीं मिला,लेकिन दूसरे घर से चोर दीवार तोडकर करीब पांच तोला सोना और 60 हजार रूपए नकदी समेट कर ले गए। फिलहाल चोरो का कोई सुराग नहीं है,लेकिन देहात थाना पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम कीरपुरा निवासी बृजवासी जाट के घर में चोर बीती रात्रि के दौरान तब पीछे की दीवार तोडकर घुस गए, जब घर के लोग गहरी नींद में सो रहे थे, घर में घुसे चोर घर के अंदर से करीब पांच तोला सोने के आभूषण और 60 हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर ले गए। जिसका पता परिवार के लोगो को सुबह नींद खुलने पर तब चला जब उन्हें घर के पीछे की दीवार टूटी और घर के अंदर सामान बिखरा मिला।



हालांकि चोरो ने रात्रि के दौरान रामविलास केवट के मकान को भी निशाना बनाया था, लेकिन उसके घर से चोरो को कुछ हाथ नहीं लग पाया। चोरी की इस वारदात से ग्रामीण सकते में आ गए है। सूचना मिलने के बाद गुरूवार की सुबह देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी गई है। उम्मीद लग रही है कि चोरी का खुलासा कर जल्द कर लिया जाएगा।

## फिरोज बने बड़ा इमामबाड़ा के सरपंच



श्योपुर। युवा समाज सेवी फिरोज पठान वक्फ इंतजामिया कमेटी बड़ा इमामबाड़ा के सरपंच (अध्यक्ष) मनोनीत किए गए हैं, उनका मनोनयन भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल ने किया. ज्ञात हो कि श्योपुर जिले में मुस्लिम समाज की जो 16 जातियां हैं उनमें से सबसे बड़ी जाति पठान (सामान्य वर्ग) है इस जाती के लोग बड़ा इमामबाड़ा पंचायत से जुड़े हैं फिरोज पठान को अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों और मित्रों व सामाजिक बन्धुओ ने उन्हें बधाई दी है. बड़ा इमामबाड़ा के सरपंच बनाए जाने पर फिरोज पठान ने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल व वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है।

### बडौदा कॉलेज में रसायन शास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त

श्योपुर। शासकीय महाविद्यालय बडौदा में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी खबर है कि उनके कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रसायनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्त कर दी गई है। जिसके चलते उनकी पढाई अब ठीक तरह से हो सकेगी। बता दें कि बडौदा स्थित शासकीय महाविद्यालय में स्टाफ की खासी कमी बनी हुई है। जिसकारण कॉलेज के विद्यार्थियों की पढाई प्रभावित हो रही है। लीड कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि बडौदा महाविद्याय में केमेस्ट्री के प्रोफेसर के रूप में राहुल रंजन चौधरी की नियुक्ति कर दी गई है। उनकी नियुक्त से विद्यार्थियों को अध्ययन में सुविधा होगी।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी महेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल लोधी ने उसकी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांवसर निवासी अजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विश्वनाथ, भरत, रिषभ यादव, शरद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भरत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अजय और भरत पाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीपरी धार निवासी भरत नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाड़ौली निवासी पन्नालाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राज और कल्लू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा निवासी सुल्तान आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरनाम, धनपाल और केशव बाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर मुंगावली निवासी कान्ता बाई रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्यासी निवासी भागीरथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विक्की, भानू और जीतू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत जुग्याना मोहल्ला निवासी निशा मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से महेश मोगिया,राजुल, उधम, दीवानसिंह, बसंती बाई, बालमुकुन्द मोगिया द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था, पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### रक्षा समिति के सदस्य की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय तुलसी कॉलोनी निवासी मोहन जोगी उम्र 20 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यह घटना तब हुई जब वह घर पर था, जिसके बाद परिवार जन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के चलते उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक टावर पर चढ़ा

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर जेल के पीछे निवासरत रामकृष्ण केवट उम्र 35 साल बिजली के टावर पर पत्नि के विवाद के चलते चढ़ गया। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाईस के बाद टावर से नीचे उतारा गया। 60 फीट ऊंचे बिजली के टावर पर चढ़ने के बाद युवक बिजली के तारों की ओर जा रहा था, इस घटना को देखकर आसपास के लोग जमा हो गए, पुलिस भी मौके पर पहुंची।

2027 में अध्यक्ष पद पर चुनाव जनता करेगी

# नपा अध्यक्ष पद आरक्षण प्रक्रिया 1999 से पहले पार्षद करते थे अध्यक्ष का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर में विधिवद अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया 1948 से प्रारंभ हुई, जब अशोकनगर पछार गांव हुआ करता था, तब पार्षद ही अध्यक्ष का फैसला करते थे। लेकिन जब से आरक्षण का मामला सामने आया है तबसे नगरपालिका में अध्यक्ष का पद भी आरक्षण प्रणाली से तय होने लगा है, 1999 में पहली बार यहां अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी जो आज तक चली आ रही है।

### 1948 से 1999 तक यह अध्यक्ष पार्षदों द्वारा चुने गए थे

अशोकनगर नगर पालिका में पहले अध्यक्ष के रूप में मिटठूलाल अग्रवाल को चुना गया था, जो बिना किसी आरक्षण प्रणाली के पद का चुनाव होता था और आखिरी बार आम सहमति से अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया में







अंतिम अध्यक्ष के रूप में जयकुंमार जैन 1995 में नगरपालिका के अध्यक्ष बने थे। इसी बीच 14 नगर के पार्षदों को अध्यक्ष पद पर बैठने का मौका मिला, जिनमें मिटठूलाल अग्रवाल, रामनारायण बोहरे, मुल्तानमल सुराना, मिश्रीलाल सिंघई, परमानंद गुप्ता, गयाप्रसाद शर्मा, रामस्वरूप पाराशर, उमकार लाल शर्मा, घनश्याम पाराशर, जयकुमार जैन, उधव सिंह रघुवंशी, श्रंयाशकुमार चैधरी, ओमप्रकाश चैधरी, और जयकुमार जैन। आम सहमति से जयकुमार जैन दो बार अध्यक्ष बने थे।

नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर नगरपालिकाओं में प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, यहां यह बताना आवश्यक है कि 1999 में नगरपालिका अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग पुरूष के लिए आरक्षित हुआ था, तब आरक्षण प्रणाली से पहले अध्यक्ष जजपाल सिंह चुनकर आए थे, तब से आज तक यह प्रक्रिया चल रही है। जब जजपाल सिह बने थे, तब सीधे मतदाताओं द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रकिया भी शामिल थी। जिसके बाद सामान्य वर्ग से कांता चैधरी, नगरपालिका अध्यक्ष 2004 में चुनी गईं, वह पहली महिला नगरपालिका अध्यक्ष थीं, जिसके बाद 2009 में सामान्य पुरूष के लिए अध्यक्ष पद की सीट आरक्षित थी और फिर जजपाल सिंह निर्दलीय प्रत्याक्षी के रूप में अध्यक्ष बने। 2014 में नगरपालिका अध्यक्ष की सीट पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुई और सुशीला साहू पिछड़ा वर्ग महिला सीट से अध्यक्ष चुनकर नगरपालिका में पहुंची थीं। लेकिन जिसके बाद जनता द्वारा सीधे अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया में फिर बदलाव किया गया और पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया फिर से लागू की गई। जिसमें नीरज मनोरिया, पार्षदों के द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष 2022 में चुने गए। अब फिर शासन ने इस प्रक्रिया में बदलाव किया है। 2027 में होने वाले नगरपालिका के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद जनता के द्वारा चुने जाने का निर्णय फिर से लिया गया है। जिसके लिए अध्यक्ष पद की सीट के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होना है।

अशोकनगर नगरपालिका में सामान्य और पिछडा वर्ग के मतदाताओं की संख्या अधिक है इस कारण अध्यक्ष पद इन दोनों वर्गों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

अथक पथ संग्रहालय में आयोजन

# खूब लड़ी लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी...



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

अथक पथ संग्रहालय में भारत की महान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संग्रहालय के संचालक राम शर्मा, पूर्व प्राचार्य आरके जैन, समाजसेवी सुजीत क्लॉडियस, सीताराम चौरसिया, प्राचार्य मंजू यादव, रितिका तिवारी ने भारत माता की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। सामूहिक रूप से सुभद्रा कुमारी चौहान की कालजई रचना बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी सामूहिक रूप से गई गई। सीताराम चौरसिया ने महारानी लक्ष्मी बाई पर कविता सुनाते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राम शर्मा ने बताया की महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता के अंग्रेज भी कायल थे। उनके पास साहस धैर्य कूट-कूट कर भरा हुआ था। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हार नहीं मानी।

उनके सैनिक बहुत भरोसेमंद थे मुंदर झलकारी उनकी उनकी प्रिय सहेलियां थी। बरछी भाला कृपाण कटारी खूब चला लेती थी और घुड़सवारी करने में भी माहिर थी। आरके जैन ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में डॉ पीडी साहू, डॉ जयश्री साहू, अजब ठाकुर, अंजली ठाकुर, नवीन पालीवाल, डॉक्टर सविता सेठी, विवेक राजपूत, शिवम पाठक, चिराग सेठी, शुभ्रा शुक्ला, ज्ञानी चौधरी, सुनील जैन, हरि शर्मा, दीपेश मिश्रा, ज्योति पाराशर, दीप्ति राजोरिया आदि उपस्थित रहे।

# जन कल्याण शिविर में कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए जल बचाने को कहा

## दो सैकड़ा आवेदन, कई समस्याओं का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरई में जन समस्या शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती माता की वंदना कर चित्र पर माल्यार्पण किया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।जिसमें दो सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्याओं के आवेदन दिए गए जिसमें अधिकतर आवेदनों का निपटारा मौके पर ही निराकरण किया गया।ओर बांकी के आवेदन संभावित विभागों को सौंप कर तीन दिवस में जबाव देने को कहा।

इस मौके पर कलेक्टर साकेत मालवीय एसडीएम इसरार खान जनपद सीईओ। तहसीलदार अंजनी चैधरी नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जन प्रतिनिधियों में नगर परिषद अध्यक्ष विशन वाई नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव सांसद प्रतिनिधि लाखन सिंह कटारिया सहित अन्य उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्र से स्कूल पड़ने आने वाले बच्चों को मुंगावली एसडीएम के हाथों से साइकल वितरण की गई कई बच्चों को पुस्तकें भी वितरण की गई।महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्व रोजगार के लिएकमलाबाई स्व सहायता समूह के लिए राशि स्वीकृत 21 लाख रुपए का ऋण का प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### प्रधान मंत्री आवास के लिए पट्टों की मांग

पूरे कस्बे में प्रधान मंत्री आवास में जगह की रजिस्ट्री होना अनिवार्य के तहत वार्ड नम्बर तीन ओर सात के साथ अधिकतर वार्डों में लोगों उस जगह पर रहते हुए 15 से बीस साल हो गए पर उनको आज तक भूमि स्वामी का पट्टा न होने के कारण उनको प्रधान मंत्री आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वार्ड चार तो सरकार द्वारा आवासीय घोषित होने के बाद भी लोगों को पट्टे न मिल सके जिसके कारण वह भी कच्चे मकानों में ही रेह रह हे ओर प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे। इसके लिए सवसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि हम नगर परिषद ओर एसडीएम द्वारा एक टीम बना कर जल्दी ही सर्वे कराएंगे जो शाशन के द्वारा पट्टे स्वीकृत योजना में आते होंगे उनको जल्दी ही पट्टे के लिए स्वीकृति करवाएंगे जिससे गरीब वर्ग शासन की योजना का लाभ उठा सके।



इस मौके पर उन्होंने किसानों से कहा कि सबसे हमें अधिक से अधिक जैविक खाद ओर जैविक खेती को समझना चाहिए और जैविक खेती पर ध्यान दें। जेबिक खेती को सरकार भी बढ़ावा दे रही हे ओर किसानों को कई योजनाओं का लाभ देती हे जिसका उपयोग किसानों को करना चाहिए। इसके बाद कलेक्टर ओर एसडीएम ने विभागों के लगे स्टालों पर जा कर उनसे जानकारी ली और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

# रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है: केपी मिश्रा

**बीना रिफायनरी अस्पताल के द्वारा आयोजित शिविर में 88 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 88 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा के इस महत्त्वपूर्ण अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपीसीएल बीना रिफायनरी के सीजीएम (ऑपरेशंस) के. श्रीधर तथा डीजीएम ( एचआर) केपी मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस मौके पर के. श्रीधर ने कहा कि बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा पिछले कई वर्षों से विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बीना रिफायनरी एवं आसपास के क्षेत्रों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तथा जरूरतमंदों का जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देते हैं। वहीं केपी मिश्रा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि रक्त के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान न जाए। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके दीक्षित ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान का वास्तविक महत्व वही व्यक्ति समझ सकता है जिसने रक्त की कमी के कारण अपने किसी प्रियजन को खोया हो। उन्होंने कहा कि रक्तदान से प्राप्त होने वाली आत्मिक संतुष्टि लोगों को बार-बार इस कार्य के लिए प्रेरित करती है। विदिशा ब्लड बैंक के ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुशवाहा ने रक्तदान से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाना है। ब्लड स्टोरेज इंचार्ज एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रगति शर्मा ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार जताया। सभी रक्तदाताओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# परिवहन कार्यालय में आरटीओ का पद 4 वर्ष से रिक्त था, नए अधिकारी ने पदभार संभाला

**अशोकनगर।** गुना जिले से विभाजित होने के बाद अशोकनगर नया जिला बनने के बाद सात साल तक अशोकनगर जिले का काम गुना से ही चलता रहा, यहां के वाहन मालिको को जरा जरा से कार्यों लो लेकर गुना जाना पड़ता था,

वर्ष 2010 में कार्यालय खुला, लेकिन पिछले 4 वर्षों से कार्यालय में कोई अधिकारी हीं नहीं था। जिसके कारण यहां के अधिकारी का प्रभार पड़ौसी जिलों के अधिकारियों पर चलता रहा। बाबुओं का ऑफिस में खूब राज चला। 4 साल बाद अब शासन ने यहां नए आरटीओ अधिकारी के रूप में क्षितिज सोनी को भेजा है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। अब पूरे वर्ष भर लोगों को परिवहन कार्यालय में स्थायी अधिकारी के होने का लाभ मिल सकेगा। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर जब नए आरटीओ कार्यालय की स्थापना हुई तब एक प्राइवेट भवन से की गई। 10 जुलाई 2010 को यह कार्यालय प्रारंभ हुआ और पहले अधिकारी के रूप में सीपी हिंगडकर यहां पदस्थ हुए, उसके बाद से निंरतर अधिकारी पदस्थ होते रहे, शासन के द्वारा अशोकनगर जिले के वाहनों को एमपी 67 नंबर प्रदान किया गया था। कार्यालय शुरू होने के बाद यहां परिवहन विभाग में कईं अधिकारी आए जिनमें श्यामलाल बडेरिया, रंजना कुशवाह, अशोक केवरे, अश्विनी खरे, नंदलाल गामड, जगदीश मीणा, आदि अधिकारी पदस्थ हुए। जिसके बाद हीरालाल सिमरिया, यहां स्थायी अधिकारी के रूप में यहीं से सेवानिवृत हुए, उसके बाद से यहां कोई भी स्थायी परिवहन अधिकारी नहीं आया था। नए भवन में कार्यालय 2018 में प्रारंभ हुआ।



### पिछले 4 साल से आरटीओ का पद रिक्त था, प्रभारी अधिकारी आना न आना एक जैसा था

जिसके कारण अशोकनगर में परिवहन अधिकारी का पद रिक्त चलता रहा, गुना के तत्कालीन परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया को अशोकनगर जिले का प्रभार सौंपा गया था किन्तु गुना जिले में हुई, बस में करंट लगने की घटना के बाद शासन ने उन्हे निलंबित कर दिया था, जिसके बाद से पद फिर रिक्त चला आ रहा था। शिवपुरी की परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह जिनके पास श्योपुर का भी प्रभार था उन्हे अशोकनगर जिले का भी प्रभार सौंपा गया, इससे पहले स्थायी परिवहन अधिकारी के रूप में पदस्थ हुईं थी, बाद में वह प्रभारी के तौर पर यहां काम करती रहीं। महीने में लगभग दो बाद वह अशोकनगर पहुंचती थीं जितना काम हो गया उतना ठीक है। इसके पहले रवि बरेलिया भी, एक या दो बार ही महीने में अशोकनगर आते थे।

# नेत्र शिविर में 122 मरीजों के किए गए नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सिविल अस्पताल एवं भानगढ़ में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सक डॉ उमेश यादव एवं सिविल अस्पताल के नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा, विज़न सेंटर प्रभारी दिनेश वर्मा, कैंप प्रभारी कल्पेश शर्मा, घनश्याम बघेल, कॉउंसलर मिलन बघेल, अभिषेक शर्मा ने बीपी एवं शुगर टेस्ट किया। ट्रस्ट की टीम ने करीब 122 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए।

शिविर में करीब 59 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण प्रधुम्न शर्मा द्वारा किया गया। दिनेश वर्मा एवं घनश्याम बघेल द्वारा 21 मरीजों को चश्मा वितरित किया एवं 23 मरीजों को चश्मे के नम्बर निकाल कर दिए। 19 से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।




# कलश यात्रा के साथ 9 कुंडीय श्रीराम यज्ञ शुरू 24 तक चलेगी भागवत और हवन-पूजन होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के शाढ़ौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरिया तेल में हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आयोजित 9 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंग गया। पूरे गांव में ढोल-नगाड़े के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश रखकर निकलीं। कलश यात्रा के साथ ही यज्ञ अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत हुई। यज्ञ अनुष्ठान 17 जून से शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन 24 जून तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक यज्ञ, हवन एवं पूजन का क्रम चलेगा, जबकि दोपहर से शाम तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।



# उद्योग विभाग बनाम बिजली विभाग विद्युत संकट से जूझ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केंद्र एवं राज्य सरकार जहां एक ओर डैडम उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या उद्योगों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

जिले के नवीन मंडी के समीप स्थित कलाकार फ़ूड एंड बेवरेज (मिनरल वाटर पैकेजिंग प्लांट) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस औद्योगिक इकाई में लगभग 20 से 25 कर्मचारी कार्यरत हैं और प्रतिमाह 90 हजार से 1.20 लाख तक का बिजली बिल नियमित रूप से जमा किया जाता है। इसके बावजूद उद्योग को प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग संचालक के अनुसार कभी अधिक वोल्टेज के कारण मशीनें खराब हो जाती हैं, तो कभी कम वोल्टेज के चलते मशीनें चालू ही नहीं हो पातीं। उत्पादन बाधित होने से उद्योग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं कर्मचारियों का प्रतिदिन 15 से 20 हजार तक का श्रम व्यय तथा बिजली का 30 से 35 हजार मासिक फिक्स चार्ज लगातार देना पड़ता है, जिससे संचालन लागत और बढ़ रही है।

स्थानीय विद्युत विभाग को कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। समस्या के निराकरण हेतु उद्योग संचालक द्वारा हाल ही में क्षेत्रीय सांसद एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को भी पत्र लिखकर हस्तक्षेप एवं सहयोग की मांग की गई है। पत्र में उद्योग, उत्पादन और स्थानीय रोजगार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों का उल्लेख करते हुए नियमित एवं पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। उद्योग जगत का कहना है कि यदि औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होगी।

